राष्ट्रीय संग्रहालय संस्थान

इतिहास कला, संरक्षण एवं संग्रहालय विज्ञान

(भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त विश्वविद्यालयवत्)

ए -19, सेक्टर -62, नोएडा, उ.प्र.

फा.सं. 12(15)/2021- रा.सं.सं./48 दिनांक: 20.04.2021

रिक्ति सूचना

राष्ट्रीय संग्रहालय संस्थान: इतिहास कला, संरक्षण एवं संग्रहालय विज्ञान संस्कृति मंत्रालय के अन्तर्गत एक स्वायत्त विश्वविद्यालयवत् के राजभाषा विभाग में अनुबंध के आधार पर एक वर्ष के लिए एक **हिंदी परामर्शदाता** (संविदात्मक) के पद हेतु पात्र अनुभवी/सेवानिवृत्त उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। जिसे अंग्रेजी से हिंदी एवं हिंदी से अंग्रेजी में अनुवाद का स्तरीय ज्ञान कम से कम 05 वर्ष का होना अनिवार्य है। राजभाषा अधिनियम, राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित ज्ञान होना चाहिए साथ ही हिंदी एवं अंग्रेजी टंकण एवं कम्प्यूटर एप्लीकेशन में (जैसे- एम.एस. वर्ड, एक्सेल एंड पावर पाइंट इत्यादि) ज्ञान होना अनिवार्य।

पद का नाम	:	हिंदी परामर्शदाता
पदों की संख्या	:	01 (संविदात्मक)
अवधि	:	01 वर्ष
पारिश्रमिक	:	40,000/- रु. प्रतिमाह
शैक्षणिक योग्यता	:	मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी में स्नातकोत्तर की उपाधि तथा स्नातक स्तर पर अंग्रेजी एक विषय।

आवेदकों से अनुरोध किया जाता है कि वे नीचे दिए गए निर्धारित प्रारूप में पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन बन्द लिफाफे में, जिसके ऊपर **'हिंदी परामर्शदाता पद के लिए आवेदन'** लिखा हो, रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट द्वारा दिनांक 29.04.2021 शाम 5.00 बजे तक कुलसचिव, राष्ट्रीय संग्रहालय संस्थान, कला इतिहास, संरक्षण एवं संग्रहालय विज्ञान, ए-19, सेक्टर-62, नौएडा, गौतमबुद्धनगर-201309 (उ.प्र.) को भेजें। अपूर्ण भरे हुए आवेदन अथवा देर से प्राप्त आवेदनों को रद्द कर दिया जाएगा।

राष्ट्रीय संग्रहालय संस्थान बिना किसी कारण के सभी आवेदनों को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

कुलसचिव

रा.सं.सं., नई दिल्ली

20/4/21